Title: Need to provide financial assistance to Government of Rajasthan for providing relief to the people affected by famine in Jodhpur district-Laid.

श्री जसवन्त सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : मान्यवर, राजस्थान के जोधपुर जिले में भयंकर अकाल की समस्या है। गांवों में किसानों ने चारे व पानी के अभाव के कारण अपने जानवरों को भगवान के भरोसे छोड़ दिया। चारा २-३ रुपये किलो बिक रहा है। किसानों की ऐसी माली हालत नहीं है कि इतने महंगे भाव से चारा खरीद सकें। पिछले तीन चार माह से विद्युत व्यवस्था भी ठीक नहीं है। इस कारण किसान २० प्रतिशत भी खेती नहीं कर सके व न ही पशुधन के लिए चारा पैदा कर सके। किसान जगह-जगह तहसील स्तर पर विद्युत की समस्या को लेकर धरने पर बैठे। राज्य सरकार चारे व पानी की व्यवस्था करने में असफल रही है, पानी का टैंकर भी ३०० से ४०० रुपये प्रति टैंकर ले रहा है। ऐसी अवस्था में मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि उपरोक्त परिस्थितियों में जोधपुर जिले के लिए विशेष पैकेज की व्यवस्था करें।